वेब परिचालन

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES PROVIDENT FUND ORGANISATION
MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14 -भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavisya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaji Cama Palace, New Delhi -110066
www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

संख्या -हि.अ./ति.प्र.रि./संगठन/2018/।।/ 1853 दिनांक:

07 JUN 2018

सेवा में,

निदेशक, पीडीनास,
सभी अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (जोनल कार्यालय),
सभी क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त, क्षेत्रीय कार्यालय,
अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (प्र.से.प्र.), मुख्यालय ।

विषय : हिंदी पुस्तकों की खरीद ।

संदर्भ : हि.अ./रा.भा. सम्मेलन-16/2017-18/5857 दिनांक 28.03.2018 मद संख्या-11 तथा 11.1

महोदय,

दिनांक 09.02.2018 को जोधपुर में आयोजित 16वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में उपर्युक्त मद पर समीक्षा के दौरान यह देखा गया है कि कुछ कार्यालयों ने हिंदी पुस्तकों की खरीद पर या तो लक्ष्य से कम राशि खर्च की है अथवा हिंदी पुस्तकें खरीदी ही नहीं है। राजभाषा विभाग के निदेशानुसार पुस्तकों की खरीद पर किए गए कुल व्यय की न्यूनतम 50 प्रतिशत राशि हिंदी पुस्तकों की खरीद पर खर्च किया जाना अपेक्षित है।

कार्यवृत्त के मद संख्या-11.1 के अंतर्गत चर्चा के दौरान यह भी पाया गया है कि कुछ कार्यालयों में कोई भी शब्दकोश तथा तकनीकी शब्दावली उपलब्ध नहीं है अथवा वितरित नहीं की गई हैं। अत: सभी जोनल कार्यालयों के प्रभारी अपर केन्द्रीय आयुक्तों से अनुरोध है कि कृपया अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों में पुस्तकों की खरीद पर किए गए कुल व्यय की 50 प्रतिशत राशि हिंदी पुस्तकों की खरीद पर व्यय करना सुनिश्चित कराएं ।

यह भी सूचित किया जाता है कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग की वेबसाइट पर भी सभी शब्दावली पीडीएफ फार्म में उपलब्ध हैं, जिन्हें कभी भी डाउनलोड किया जा सकता है । अत: सभी फील्ड कार्यालय इनका लाभ उठा सकते हैं।

इस संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट मुख्यालय को प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 15 अप्रैल तक भिजवाएं।

भवदीय,

(के.एल. गोयल)
अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (मुख्यालय) / प्रभारी राजभाषा